regarding status of implementation of recommendations contained in the Eighteenth Report of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Food, Consumer Affairs and Public Distribution.

SHORT DURATION DISCUSSION

Reply on proposal to set up SEZ in Nandigram, West Bengal and consequent large Scale violence

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी. पाटिल) : श्रीमन्, यह बहुत अच्छा हुआ कि कल इस सदन में लंबे अरसे तक एक महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई और यह चर्चा बड़ी अच्छी हुई । बहुत सारे सम्माननीय सदस्यों ने जो यहां अपने सुझाव रखे, वे बहुत उपयुक्त हैं । उन सारे सुझावों पर अमल करना चाहिए, अमल हो रहा हैं, और जिन सुझावों पर अमल नहीं हो रहा हैं, उन पर अमल करने की कोशिश जरूर की जाएगी । इसके लिए जो गतिरोध पैदा हुआ था, वह दूर हुआ और उसे दूर करने मेंसभी सदस्यों ने एक दूसरे से बातचीत करके उसका एक सोल्युशन निकालाख् यह बहुत अच्छी बात हैं और इसके लिए हमें उनको बधाई देनी चाहिए ।

श्रीमन्, जो पहली बात यहां पर आई, वह यह कि नंदीग्राम में जो हुआ, वह क्यों हुआ ? एक सम्माननीय सदस्य ने यहां पर खड़े होकर कहा कि जो जमींदार की जमीन थी, वह बांटी गई और जो जमीन जोतता था, उनको दे दी गई, मगर जब वह जमीन लेने का प्रयास दूसरे काम के लिए होता हैं, तो जिसको वह जमीन मिली होती हैं, जो छोटा कास्तकार होता हैं, वह नाराज होता हैं । जमीन से देहात के लोग बहुत जुड़े हुए होते हैं और हम सब जानते हैं कि एक एकड़ तो छोड़ो, अगर दो –तीन फीट जमीन भी एक की दूसरे के पास जाती हैं, तो उसके लिए लोग लड़ने के लिए तैयार हो जाते हैं ।

श्री उदय प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश) : सर, महाभारत में तो इंच जमीन के लिए कह दिया था कि नहीं देंगे । ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज वी. पाटिल : जी । तो इस प्रकार से एक-एक फीट जमीन के लिए वे मरने के लिए और मारने के लिए तैयार हो जाते हैं । ऐसा क्यों होता हैं ? ऐसा इसलिए होता हैं कि जमीन के सिवाय उनके पास जीने का कोई दूसरा आसरा नहीं होता हैं और इसीजिए अगर उनसे जमीन निकल जाए, तो जिएंगे कैसे, यह सवाल उनके सामने पैदा हो जाता हैं । अब रहा हैं, उसको किस प्रकार से कम करना चाहिए, इसका विचार हम सब लोगों को, जो यहां पर बैठे हुए हैं, करना बहुत जरूरी हैं । अगर इसका विचार नहीं होगा तो जमीन का बोझा बढ़ेगा और ये झगड़े भी बढ़ते रहेंगे और एक हालत ऐस आ जाएगी कि जमीन पर जो लोग मुनस्सर हैं, वह जमीन उनकी मदद करने के लिए भी काफी नहीं होगी । तो क्या रास्ता निकाला जा सकता हैं ? रास्ता निकालने की कोशिश सरकार की ओर से हैं कि हम उद्योग बढ़ाएं, इंडस्ट्री बढ़ाए । उद्योग अगर बढ़ाने हैं, इंडस्ट्री अगर लगानी हैं तो वह तो जमीन पर लगानी पड़ेगी और उसके लिए किसी न किसी की जमीन भी लेनी ही पड़ेगी तो अगर किसी की जमीन ली जा रही हैं तो वह आदमी जो अपनी जान से भी ज्यादा प्यार जमीन को करता हैं, उसको क्या होगा, यह सवाल पैदा होता हैं । इसीलिए वहां पर जब यह कहा गया हैं कि कुछ जमीन केमिकल हब के लिए सरकार की ओर से जी जा सकती हैं तो उन्होंने आंदोलन शुरू कर दिया । उस आन्दोलन में सिर्फ जमींदार ही थे या जिसकी जमीन थी, वे ही थे, ऐसा नहीं हैं । देहात में तो जिसकी जमीन होती हैं, वह तो जमीन पर जीता ही हैं, मगर दूसरे आदमियों को जो काम मिलता हैं, वह भी जमीन पर ही मिलता हैं, इसलिए जो मजदूर होता हैं, उसका भी जीना उस जमीन पर ही मुनस्सर होता है और इसलिए सब लोग उसके खिलाफ हो जाते हैं ।

मैं अच्छी तरह से जानता हूं, यह आज की बात नहीं हैं, 20 साल पहले की बात हैं जबकि हमारे यहां पर बड़े-बड़े तालाब बनाए गए और सब तालाबों का अगर आप इतिहास निकालकर देखेंगे तो पाएंगे कि एक भी तालाब ऐसा नहीं बना हैं, जहां पर जमीन लेने की कोशिश की गई हो और वहां पर आंदोलन न हुआ हो । कोई भी तालाब ऐसा नहीं बना हैं जहां कि वहां के काश्तकारों ने कहा हो कि आप जमीन ले लो, वे उसे देने के लिए तैयार नहीं होते, क्योकि उनके सारे जीवन का आधार वह जमीन होती हैं । महाराष्ट्र के अंदर जायकवाड़ी में, मैं उसको अच्छी तरह से जानता हूं और उस समय

श्री शंकर राव चव्हाण इरिगेशन मिनिस्टर थे, उन्होंने वह जायकवाड़ी का तालाब बनवाया । कितना बड़ा तालाब बना ? 8 लाख हैक्टेअर ज़मीन को पानी देने वाला वह तालाब हैं, मगर एक लाख हैक्टेअर जमीन पानी में जाने वाली थी और पहले दिन से आखिरी दिन तक, जिसकी जमीन गई, वे विरोध करते रहे और कहते रहे हैं श्री शंकर राव चव्हाण ने हमको बेघर कर दिया, हमको इस जमीन से निकाल दिया । यह एक जीवन की वास्तविकता हैं, एक सत्य है और इसको ध्यान में रखना जरूरी हैं । तो इसकी वजह से वहां पर आंदोलन हुआ, मगर इस आंदोनल में इतना ही हुआ ऐसा नहीं हैं ।

मैं बड़ी नम्रता से कहना चाहूंगा कि अब लोगों ने उसका विरोध किया और कहा कि जमीन नहीं ली जानी चाहिए, तो मैं शायद समझता हूं कि वेस्ट बंगाल की गवर्नमेंट ने और खासकर के वहां के मुख्य मंत्री ने कहा कि अगर आपका इसके लिए विरोध हैं तो हम यह जमीन नहीं लेंगे, स्पष्ट रूप से कह दिया । नोटिफिकेशन निकला हुआ नहीं था । मगर, लोगों को वहां पर बताया गया कि नहीं, वे कह रहे हैं, लेकिन इसके वाबजूद भी जमीन ली जाएगी । इसकी वजह से वहां के लोगों ने आंदोलन शुरू किया । जिन्होंने ऐसा कहा, वह क्यों कहा, यह हम नहीं समझ सकते । यह कुछ अच्छे ख्याल से कहा होगा, ऐसा हमें नहीं लगता हैं । जब मुख्य मंत्री खुद कह रहे हैं कि जमीन नहीं लेगे, तो उनको मानना चाहिए था और जब उन्होंने कहा हैं, पेपर में आया हैं, लोगों के सामने जाकर कहा हैं और एक जिम्मेदार व्यक्ति ने कहा हैं तो उसको मानना चाहिए था, लेकिन यह नहीं हुआ । इसका मतलब यह हुआ कि वहां पर इस प्रकार के हादसे करने के लिए कुछ लोग मन से तैयार बैठे थे । उसके अंदर एक राजनीतिक दृष्टिकोण भी था और इस वजह से वहां पर आंदोलन हुआ । एक ने कहा हैं कि यह किसका खून हैं और कौन मरा हैं ? यह खून हमारा ही हैं और मरा हुआ आदमी भी हमारा ही कोई भाई-बहन हैं-वह पुलिस वाला हो या गांव वाला हो, वह हमारा ही भाई-बहन हैं, मगर वह होता हुआ नजर आया । वहां पर पुलिस फायरिंग भी हुई, वहां पर लोगों की जानें भी चली गई, पुलिस की भी जानें चली गई, लोगों की भी जानें चली गई और बहुत लोगों को उसका नुकसान हुआ । और यह बात उसमें हो गई कि लोग यह कहते थे कि नही, नहीं, यह होने देना चाहिए, उन लोगों को अपने घर छोड़कर दूसरी जगह पर जाकर रहना पड़ा । और जब वह दूसरी जगह पर रहे, सात महीने, आठ महीने, दस महीने, ग्यारह महीने रहें । ऐसा तो हम नहीं कर सकते हैं कि वहां पुलिस हो नहीं जाने देंगे, वहां गवर्नमेंट के अधिकारियों को नहीं जाने देंगे, वहां जिनका घर हैं उनको आने नहीं देंगें, उनके जमीन पर नहीं जाने देंगे, ऐसी हालत तो कहीं पर भी नहीं हो सकता, वैसी हालत वहां पर बन गई और इस हालत को दुरुस्त करने के लिए कदम उठाए गए, वह कठोर कदम थे, मगर कदम उठाए गए और इसका नतीजा यह हुआ कि वहां पर यह हालत पैदा हो गई, इसको नजरअंदाज करके हम नहीं चल सकते हैं । अगर कहीं भी, अगर कोई कहे कि यहां पर सरकारी आदमी नहीं आ सकता, यहां पर पुलिस नहीं आ सकती, यहां हम तो कहेंगे, वहीं होगा, ऐसी परिस्थिति नहीं पैदा की जानी चाहिए । यह बात सही हैं कि जितना भी हो नरमाई से बात करके, समझा करके इस मामले को सुलझाना अच्छा होता हैं, मगर यह नहीं हो रहा हैं तो ऐसी हालत भी कहीं रोकी नहीं जा सकती हैं, वैसी हालत हो गई हैं । अगर वह एक जगह पर हो गई तो दूसरी जगह पर भी वैसी हालत हो सकती हैं, तीसरी जगह पर वैसी हालत हो सकती हैं । और अगर ऐसी लिब्रेटेड जोन बने और कोई भी आकर करने लगे तो उसको नहीं किया जा सकता, मगर वहां वह बात हुई और जहां पर वह बात हुई, उसकी वजह से जो खून-खराबा हुआ, इसके लिए हम सबको दुख हैं । मैं समझता हूं कि यहां पर जिन सदस्यों ने बातें की हैं, हर तरफ के सदस्यों ने यह कहा कि हैं हमें दुख हुआ हैं, ऐसा शायद नहीं होता तो अच्छा होता, इसमें हमारी थोड़ी सी गलती भी हो गई है और उसको दुरुस्त भी करना चाहिए, यह बात सही भी हो सकती हैं । मगर यह जो हुआ हैं जिसकी वजह से हुआ हैं, इसको पूरी तरह से ध्यान में रखने के बाद ही उसके ऊपर हम किस प्रकार का सोल्यूशन निकाल सकते हैं, यह देख सकते हैं । मुझे ऐसा लगता हैं कि मैंने उस सदन में भी कहा और यहां पर इस सदन में भी कहा ...(**व्यवधान**)... कि आज हमारी क्या जिम्मेदारी हैं और मुझे बड़ी खुशी हैं कि कुछ सदस्यों ने भी अपने भाषण मेंयह बात कही हैं, उन्होंने कहा कि जो लोग भी अपना गांव छोड़कर बाहर गए हैं, उनको वापिस लाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, उनको हम वापस लाएंगे । कहा हैं, मैंने नहीं कहा हैं, सारे सदस्यों ने कहा हैं । उन्होंने यह भी कहा हैं कि वापिस आने के बाद उनको पूरी तरह से संरक्षण दिया जाएगा, उनकी जान-माल की रक्षा की जाएगी, उसके अंदर कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी । जान-माल की रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार की होगी । यह भी कहा है कि उनको नुकसान से निकालने के लिए जो हमें मुआवजा देना जरूरी हैं,कंपसेशन देना जरूरी हैं, वह कंपेसेशन भी दिया जाएगा ।

मैंने दूसरी हाउस में यह बात नहीं कही थी मगरर यहां पर मैं कहना चाहता हूं क्योंकि कुछ सदस्यों ने कहा कि जिन लोगों मेंभी ऐसे मौके का फायदा उठाकर ऐसी हालत बनाने का काम किया हैं उन पर भी जो कानून कार्रवाई हो सकती हैं, वह

होनी चाहिए । यहां पर सदस्यों ने भी कहा हैं कि हम जरूर कानूनन कार्रवाई करेंगे, ऐसा कहा हैं, वह होना चाहिए । मेरे दृष्टि से आज की जो जरूरत हैं वह यही हैं कि वहां के जो लोग बाहर गए हैं, चाहे वे कम्युनिस्ट पक्ष के लोग हो, या नॉन-कम्युनिस्ट पक्ष के लोग हो, या कांग्रेस पक्ष के लोग हों, या तृणमूल कांग्रेस पक्ष के लोग हों, या ऐसे लोग हों जो किसी भी पार्टी को बिलांग नहीं करते हैं, उनको वापिस लाना हमारी जिम्मेदारी हैं, उनकी सरंक्षण देना हमारी जिम्मेदारी हैं, उनके जीवन में कोई खलल पैदा हुई हैं तो उसको दूर करना हमारी जिम्मेदारी हैं, उनको कंपसेशन देना हमारी जिम्मेदारी हैं और जिन्होंने सोच-समझकर यह काम किया है, उसको भी सजा देना हमारी जिम्मेदारी हैं । मुझे ऐसा लगता हैं कि सरकार, वह चाहे वेस्ट बंगाल की सरकार हो या कोई और सरकार हो, इसमें कमी नहीं करेगी, ऐसा मुझे लगता हैं । जब वहां के मुख्यमंत्री से हमारी बात हुई तो उन्होंने कहा कि हम यह जरूर करेंगे, उन्होंने हमको यह आवश्वासन दिया । इस प्रकार से हमने पहले भी उनको बताया था, हमने इसकी पेपरबाजी नहीं की थी, मगर हमारी बात चलती रही, लिखित रूप से भी हमने कहा था, मौखिक रूप से भी इन्होंने ऐसा कहा । वे कुछ कहते हैं, तो इन्होंने ऐसा कहा, पर एक-एक लफ्ज को निकालकर फिर उसका analysis हो जात हैं, dissection हो जाता हैं, इसलिए वह टालने के लिए हमने पेपर में जाकर नहीं कहा, मगर जो भी कहना जरूरी था, कहा । मुझे यह कहने में कोई दिक्कत नहीं हैं वहां की सरकार ने कहा कि आपके कहने में हमको कोई गलती नजर नहीं आती, हम जरूर उस पर अमल करेंगे और कुछ हद तक उन्होंने उसके ऊपर अमल जरूर किया हैं ।

महोदय, यहां पर एक सवाल और उठाया गया और बार-बार उठाया गया, वह था कि क्या नक्सलाइट्स उसके अंद हैं ? उसमें माओवादी हैं ? किसी ने कहा नक्सलाइट्स, किसी ने कहा Maoists, किसी ने कहा terrorists वहां पर हैं क्या ? तो यह जो सवाल यहां पर उठा हैं, मैंने उस सदन में भी कहा और इस सदन में भी कहा कि हमारी पास बहुत इनफॉर्मेशन हैं, मगर सारी की सारी इनफॉर्मेशन disclose करने से, हमें जो अपनी जिम्मेदारी निभानी हैं, उसमें अड़चनें निर्माण हो सकती हैं, इसलिए पूरी इनफॉर्मेशन देना, कभी भी देना, मददगार नहीं होता हैं । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर कुछ लो जो हैं, behind the scene, पीछे रहकर लोगों को भड़काने का काम कर रहे थे, ऐसी इनफॉर्मेशन हमारे पास हैं, उनके पास ऐसे हथियार मिलते हैं । दूसरे, वह एरिया रिवराइन एरिया हैं, समुद्र के नजदीक का एरिया हैं और यहां पर हथियार वगैरह जो बाहर से आते हैं, हमने देखा हैं कि ऐसे रास्ते से हथियार लाने की कोशिश की जाती हैं । इससे ज्यादा मैं इस संबंध में कुछ कहना नहीं चाहता । मैं यह नहीं कहना चाहता कि इस पार्टी के लोग हैं या उस पार्टी के लोग हैं, इनका नाम यह हैं या उनका नाम वह है, मैं नहीं कहना चाहता । यह कोई प्वाइंट स्कोर करने के लिए या किसी को प्रोटैक्शन देने के लिए मैं नहीं कह रहा, मगर सदन में बैठकर अगर हमें बातचीत करनी हैं, सारे तथ्य अगर हमारे सामने आएं, तो उसको ध्यान में रखकर हम अच्छी तरह से निर्णय ले सकते हैं, इतने ही उद्देश्य से मैं आपकों बता रहा हूं । इसमें किसी मूद्दे को खोजना या किसी के खिलाफ बोलने या किसी को प्रोटैक्ट करने का उद्देश्य नहीं हैं । इससे ज्यादा इसके ऊपर मुझे बोलने की जरूरत नहीं हैं ।

यहां एस.ई.जेड. की बात की गई । यह बात बहुत ही महत्वपूर्ण है और मैं समझता हूं कि जितने भी सदस्यों ने यहां पर चर्चा में हिस्सा लिया, उन्होंने एस.ई.जेड. पर अपने विचार बड़ी स्पष्टता से रखे और बड़े अच्छे ढंग से रखे । ऐसा लगता है कि जो विचार यहां पर सदस्यों न रखे हैं, वे विचार को अपनी नीति और नियम बनाने में बहुत ही उपयुक्त हो सकते हैं । एस.ई.जेड. बनाने का निर्णय सरकार ने लिया हैं । इस प्रकार ने लिया या पिछली सरकार ने लिया, इस प्रकार से यहां पर कहने की जरूरत नहीं हैं, मगर एस.ई.जेड. बनाने का निर्णय किया । मगर यह भी सत्य हैं कि जिसकी जमीन जाती है, जो केवल जमीन के ऊपर निर्भर होता हैं, तो उसको बड़ा दुख होता हैं । तो इसमें से रास्ता कैसे निकालें ? इन दोनों चीजों को ध्यान में रखकर कदम उठाना जरूरी हैं और इसीजिए हम कहना चाहते हैं कि एस.ई.जेड. या औद्योगिक केन्द्र बनाने के लिए, industrial hubs बनाने के लिए हमकों जमीन तो लेनी पड़ेगी, मगर कैसी जमीन लेंगे ? हम irrigated land नहीं, लेंगे, हम fertile land, उपजाऊ जमीन नहीं लेंगे । उपजाऊ जमीन लेकर अनाज बाहर से लाना कोई उगता नहीं हैं, जहां पर कुछ पैदा नहीं होता हैं, ऐसी जमीन लेने की हम कोशिश करेंगे । इसके बाद जिसकी हमने जमीन ली हैं, उसको अगर हम उस जमीन के बदले में कहीं जमीन दे सकते हैं, वैसी जमीन अगर कहीं हैं, तो वह देने का भी प्रयास हमारा होना

[**श्री शिवराज वी. पाटिल**]

चाहिए । अगर जमीन नहीं हैं, तो compensation मिलना चाहिए और compensation देने में संकुचाई नहीं होनी चाहिए, सरकार को यह नहीं देखना चाहिए कि यह compensation ज्यादा हो रहा हैं, यह नहीं देखना चाहिए । जिसकी जमीन जा रही हैं, उसको हम जो मुआवजा देते हैं, वह माकूल होना चाहिए, उसको पूरा मुआवजा देना जरूरी हैं । कम्पेन्सेशन के बाद भी आज के लैंड एक्विजिशन एक्ट के नीचे भी सोलेशियम दिया जाता हैं और मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि 1980 में सोलेशियम 12 या 15 परसेंट दिया जाता था । मगर श्रीमती इंदिरा जी के जमाने में यह चर्चा हुई कि आप जमीन एक्वायर कर रहे हैं और सोलेशियम 12 या 15 परसेंट दे रहे हैं, वह ठीक बात नहीं हैं । तो उसको बढ़ाकर 35 परसेंट तक कर दिया गया । आज सुझाव ऐसा आ रहा हैं कि उसको 50 परसेंट तक ले जाइए या चाहें तो इसको दोगुना कर दीजिए, जानी सौ परसेंट भी कर दीजिए । मगर यह जरूरी हो गया हैं कि सोलेशियम 35 परसेंट तक न रहते हुए इसको बढ़ाकर देना पड़ेगा, चाहे वह 50 परसेंट हो या 60 परसेंट हो या 75 परसेंट हो या एक सौ परसेंट हो, उतना सोलेशियम देने का भी इंतजाम करना चाहिए । एक बात और देखी गई हैं कि कल यहां पर चर्चा हुई, तो कुछ सदस्यों ने कहा कि अगर जमीन लेते है और जितनी जमीन की जरूरत हैं उतनी आप जरूर ले लीजिए, उसके सिवा कारखाना नहीं बनेगा, उद्योग नहीं बढ़ेगा, नही पनपेगा । अगर सौ एकड़ जमीन की जरुरत हैं तो एक हजार एकड़ जमीन नहीं ली जानी चाहिए । अगर एक हजार एकड़ जमीन ली हैं तो भी लेने दी उनको, मगर यह कह कर लेदे दो कि अगर उस जमीन को कल आप बेच रहे हैं और उसके ऊपर आपको प्रोफिट मिल रहा हैं तो उसके प्रोफिट का हिस्सा, जिससे आपने जमीन ली हैं उसको वापिस कर दीजिए । यह उसी एग्रीमेंट में ही होगा और कानून में भी होगा । अगर ऐसा हो जाएगा तो कोई तकलीफ नहीं होगी । उसके बाद जो एम्प्लोयमेंट की बात हैं, जितने लोगों को एम्प्लोयमेंट दे सकते हैं तो उतने लोगों को एम्प्लोयमेंट देना चाहिए । एक और बात जो सामने आई थी, वह है शेर बेचने की । अगर किसी देहात में एक बंजर जमीन पर और जहां पहाड़ी है और जहां झाड़ी हैं वहां पर अगर कोई कारखाना बन रहा हैं तो वहां पर जो कारखाना बनेगा, जो उद्योग वहां पर बनाया जाएगा, उस उद्योग के शेयर्स भी जमीनदारों को लेने चाहिए और वे ऐसे शेयर्स होने चाहिए तो नॉन ट्रांसफरेबल हों, ताकि उनसे कोई दूसरा लेकर नहीं जाए । फिर जैसे-जैसे उद्योग बढ़ेगा वैसे-वैसे उसकी कीमत भी बढ़ेगी । इस प्रकार से काश्तकार का भी हित होगा और इस प्रकार से नया उद्योग भी लगाया जाएगा तथा उसको बढ़ाया जाएगा । इन सारी चीजों को विचार में लेकर एक नई पॉलिसी बनाने का सरकार का प्रयत्न चल रहा हैं, प्रयास चल रहा हैं । वह नई पॉलिसी लैंड एक्विजिशन के संबंध में होगी और रि-हेबिलिटेशन के संबंध में होगी । कारखाने के लिए तो जमीन बहुत थोड़ी लेते हैं मगर इरिगेशन डैम के लिए बहुत जमीन लेनी होती हैं । मैं आपको कहना चाहता हूं और बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं कि इरिगेशन डैम बनाने के लिए बहुत जमीन लगती हैं लोग जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं छोटे-छोट जमीनदारों से जमीन लेना बहुत मुश्किल हो जाता हैं लेकिन बड़े जमीनदार से एक हजार एकड़ जमीन लेना इतना मुश्किल नहीं होता हैं जितना एक हजार छोटे जमीनदारों से जमीन लेना मुश्किल हो जाता हैं । इसलिए केन्द्र की सरकार को तो तालाब बनाने नहीं हैं, प्रांत की सरकार को तालाब बनाने हैं । मगर गए 15-20 साल से तालाब बनाने का जो काम हैं वह कम हो गया हैं और उसकी वजह से इरिगेशन केपेसिटी बढ़ी नहीं है और उसकी वजह से एग्रीकल्चर पर भी असर हो रहा है इसको भी ध्यान में रखना हैं । इसको ध्यान में रखकर अगर ऐसी कोई नीति, ऐसी कोई धारण या ऐसी कोई पॉलिसी बने जिसकी वजह से एग्रीकल्चरिस्ट को भी फायदा हो जाए, उद्योग भी बढ़ें और उसके संबंध मे जो आने वाली सर्विस इण्डस्ट्री है तो वह भी अगर बढ़े और फिर इलेक्ट्रोनिक इण्डस्ट्री बढ़े,जेनेटिक इण्डस्ट्री बढ़े, उसके बाद एनिमल हस्बेंड्री बढ़े, तो यह सब कुछ हो सकता हैं । यह किए बगैर एस.ई.जेड. का प्रश्न तक नहीं होगा ।

श्री यशवंत सिन्हा (झारखंड) : आप सदस्य में नाते बोल रहे हैं या मंत्री के नाते बोल रहे हैं या मंत्री के नाते बोल रहे हैं । अगर मंत्री के नाते बोल रहे हैं तो पॉलिसी क्या होनी चाहिए इसका उल्लेख नही हैं । यह कहना चाहिए यह पॉलिसी सरकार बना रही हैं ।

श्री शिवराज वी. पाटिल : हां, वही बोल रहा हूं ।

श्री यशवंत सिन्हा : नहीं, वहीं नहीं बोल रहे है आप । आप कह रहे हैं कि ऐसी पॉलिसी होनी चाहिए । कौन बनाएगा ? हम लोग बनाएंगे ? ...(व्यवधान) नहीं कब तक बनेगी ।

श्री शिवराज वी. पाटिल : आप बिना वहज मुझे मत रोकिएगा, उससे कोई फायदा नहीं हैं । ...(व्यवधान)

श्री यशवंत सिन्हा : नहीं, बिना वजह नहीं हैं ।

श्री उपसभापति : उन्होंने कहा कि पॉलिसी बन रही हैं ।

श्री शिवराज वी. पाटिल : देखिए, वह पॉलिसी हमारे पास बनकर आई हुई हैं और हम देख रहे हैं । मगर हमको उस पर आप जैसे होशियार, जानकार लोगों से भी चर्चा करनी हैं, सब के साथ चर्चा करनी हैं । यह हमारी पॉलिसी थोड़ी ही हैं आप सबकी पॉलिसी रहेगी । इसलिए मैं जो कह रहा हूं यह सरकार का दृष्टिकोण हैं । अगर आप सब ने उस पर कह दिया हैं कि ऐसा नही करना हैं तो नही करेंगे । आपने कह दिया कि इसको करिए, तो हम कर देंगे । मगर आपको दिक्कत क्या हैं जो मैं बोल रहा हूं । ...(व्यवधान)

श्री यशवंत सिन्हा : आप करिए । ...(व्यवधान)

श्री उपसभापति : देखिए, यशवंत सिन्हा जी । ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइये । ...(**व्यवधान**)... आप उनको बोलने दीजए । ...(**व्यवधान**)... आप जैसा चाहते है, वैसा ...(**व्यवधान**)... यह उनका दृष्टिकोण हैं । ...(**व्यवधान**)...

प्रो. राम देव भंडारी (बिहार) : सर, गृह मंत्री जी बहुत अच्छी बातें कह रहे है, आप उनको सुनिए । ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज वी. पाटिल : उपसभापति महोदय, मैं इस बात को यही खत्म करता हूं । ...(**व्यवधान**)...

श्री शाहिद सिद्दिकी (उत्तर प्रदेश) : सर, मंत्री जी कह रहे हैं । कि ऐसा होना चाहिए, वैसा होना चाहिए । ...(**व्यवधान**)...

†**شری شاہد صدیقی:** سر، منتری جی کہہ رہے ہیں کہ ایسا ہونا چاہئے، ویسا ہونا چاہئے ...مداخلت...

श्री उपसभापति : शाहिद सिद्दिकी साहब, प्लीज । ...(**व्यवधान**)...

श्री शिवराज वी. पाटिल : उपसभापति महोदय, शायद मुझे इस पर जितना बोलना था, उतना बोल चुका हूं, ज्यादा बोलने की जरूरत नहीं हैं । आपको तरफ से इसमें कुछ इन-पुट्स आयें, तो उनको भी ध्यान में रखा जायेगा । ...(**व्यवधान**)... मगर यह जो पॉलिसी हैं, वह फाइनलाइजेशन की स्टेज पर हैं, इतना मैं आपको बताता हूं । इसकी एक कमेटी बनी हैं, इतना मैं आपको बताता हूं और दृष्टि से विचार चल रहा हैं ।

यहां पर एक बहुत अच्छा सब्जेक्ट सम्मानीय सदस्य श्रीमती सुषमा स्वराज की तरफ से रखा गया । अपने भाषण के आखिर में उन्होंने कहा कि यह जो Maoism हैं, उसकी आप क्या डेफिनेशन देते हैं, उसका आप कैसे विरोध करना चाहते हैं । अब यह बहुत बड़ा विषय हैं, शायद जितना मुझे टाइम हैं, टाइम हैं, उतने टाइम में इसके ऊपर पूरी तरह से बोलना, शायद मुझे सम्भव नहीं होगा, मगर थोड़े समय में, मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि देखिए कोई भी ism हो, कोई भी थ्यौरी हो, उसको पूरी तरह से सभी लोग मानते हैं, ऐसा नहीं हैं और पूरी तरह से सभी लोग उसको रिजेक्ट कर देते हैं, ऐसा भी नही हैं, कुछ लोग कुछ चीजें मान लेते हैं, कुछ चीजें रिजेक्ट कर देते है और एक जगह पर एक चीज़ मानी जाती है, दूसरी जगह पर वह मानी जाती हैं । एक समय पर वह मानी जाती हैं, दूसरे समय पर वह नहीं मानी जाती हैं । ism का, 'ideology' का या 'theory' का विरोध नहीं हैं, मगर ऐसी कोई चीज हैं, जो हमारे देश के ethos से जमती नहीं हैं, तो वह नहीं होगी । हमारे देश का ethos क्या हैं, जब हम बाहर देश में जाते हैं और लोग पूछते हैं कि क्या अहम चीज़ आपके देश में हैं, तो हम कहते हैं tolerance, हम कहते हैं कि हम हर चीज़ को एक विस्तृत रूप से देखते हैं और tolerate करते हैं, tolerance हमारी सबसे अहम चीज़ हैं । मगर कोई अगर कहे कि जमाना बदलना हैं तो tolerance से नही बदलेगा, बंदूक से बदलना चाहिए, गोलियों से बदलना चाहिए । क्या इसको हमारे देश के लोग मान्य करेंगे । यहां पर बहुत दफा चर्चा हुई हैं, नक्सलिज्म पर चर्चा हुई हैं, वायलेंस पर चर्चा हुई हैं, मैंने बार-बार कहा हैं कि हमारे देश में 99 परसेंट लोग पीस लविंग हैं, यहां के लोग शांतिप्रिय है और वह हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं । पुलिस की शक्ति तो हैं ही फौज की शक्ति तो हैं ही, मगर जो यहां के लोगों की मानसिकता हैं, मानव की, मनुष्य की वह सबसे बड़ी शक्ति और वह मानसिकता हैं शांतिप्रियता । इसलिए हम ये चीज़े बंदूक से कर सकते हैं, यह हम मानने के लिए तैयार नहीं हैं । कोई कहते हैं कि राजकारण के लिए, कोई कहते हैं कि राजकारण करना हैं, तो क्या करों, पैसे कमाओं, राजकारण करना हैं तो असत्य बोलो, राजकारण करना हैं, तो धोखा दे दो और जीतों और जीतना ही सबसे अहम चीज़ हैं । मगर ऐसी जीत बहुत देर तक नहीं चलती हैं । अगर आप सही ढंग से काम करेंगे, तो शायद जीत कमाने के लिए आपको थोड़ी देर लग जायेगी, मगर बाद में जीत बड़ी स्थिर होगी और उसके आधार पर अपना सब कुछ बना पायेंगे । यह देखने का अपना-अपना दृष्टिकोण हैं । हम यहां पर Maoism हो या नक्सलाइट हो गया, जो भी टेरेरिस्ट हैं, वे कहते हैं कि हम बंदूग के आधार पर यहां चेंज कर देंगे, सरकार

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

चेंज कर देंगे, यह हमको और सरकार को मान्य नहीं हैं और मैं समझता हूं कि 99 परसेंट लोगों को यह मान्य नही है और हम इसको मान्य कभी नहीं करेंगे। बंदूक के आसरे से चेंज करने की की बात नही हैं, bullot से करो। हम कहेंगे कि लोकतंत्र के माध्यम से आ जाओं, बैठों और राज करो ! हमको इसमें कोई विरोध नहीं हैं, मगर आप कहेंगे कि हम innocent लोगों पर गोलयां चलाएंगे, जहां पर कुछ लोग नहीं हैं, वहां पर जाकर हम मारेंगे, खून-खराबा करेंगे और फिर हम वहां राज करेंगे, यह हिन्दुस्तान में होने वाला नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिनेश त्रिवेदी (**पश्चिमी बंगान**) **:** जहां निहत्थे लोगों को मारा जाएगा तो आप उसके लिए क्या कार्रवाई करेंगे ? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : देखिए, सवाल-जवाब नहीं चलेगा। ...(**व्यवधान**)... मिस्टर दिनेश त्रिवेटी ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं बिल्कुल नहीं। आप बैठिए।

श्री शिवराज वी. पाटिल : श्रीमन् यहां पर ऐसा प्रश्न पूछा गया हैं मैंने यह कहा कि देखिए, आप यहां डरने की बात मत कीजिए। हमारे लोग शांतिप्रिय हैं और हमारी युनिफार्म में जो लोग हैं, वे इतनी संख्या में हैं कि इनसे डरने की बात नही है और हम सारे लोग मिलकर उसको करेंगे। मैंने कहा कि naxalite मूवमेंट को कंट्रोल करने के लिए, हमने यहां से, आपने क्या किया, हमें क्या करना हैं, हमारे जो साथी वहां स्टेट में बैठे हैं, उनकी मदद करनी हैं। मैंने उनको बताया कि हमने 33 battalions देखी हैं। हमारे पक्ष के एक साथी ने कहा कि क्या आप सिर्फ बंदूक से करना चाहते हो ? हमने कहा कि बिल्कुल नहीं, सिर्फ बंदूक से नहीं, हम बात करके भी करने के लिए तैयार हैं, अगर वे हथियार रख दें तो। जब हम बात करने की बात कर रहे थे, तब लोगों ने कहा कि आप बात करने की बात कर रहे हैं। आप यह कहां आकाश में उड़ रहे हो, आप जमीन पर चलों। इसके बाद हमने कहा कि यहां पस इसके अंदर economic elements भी हैं। अगर कोई गरीब हैं, अगर कोई बेकार हैं, तो आप आदमी के लिए मदद करने की बात करो। अगर कहीं पर कोई इलाका डेवलप नही हुआ हैं, तो आप उसको डेवलप करने की बात करो। उसके लिए पैसा भी दिया हुआ हैं, मगर जो हमारे पक्ष के साथी हैं, उनको भी मालूम नहीं हैं। वे बोल रहे हैं कि हम बंदूक से ही करते जा रहे हैं। हम बंदूक से नही करते जा रहे है। हम बात से भी करेंगे, economic justice देकर भी करेंगे, सोशल जस्टिम देकर भी करेंगे और हम पूरा all round development करके करेंगे, यह उसका दृष्टिकोण हैं। हमारा दृष्टिकोण एक सर्वागीण दृष्टिकोण हैं, holistic एटिट्यूड हैं। हमारा दृष्टिकोण एक रास्ते से जाने का नहीं है, बल्कि हर रास्ते से जाकर करने का है। मैंने एक बात फिर यह कह दिया कि वे हमारे भाई हैं, उन पर गुस्सा नहीं करना चाहिए, तो हमारे ऊपर लोग आर्टिकल लिखने लगे कि तुम उनको भाई कहते हो। हम उनको भाई नहीं तो क्या कहेंगे ? वे कहीं आकाश से तो आए नहीं हैं, परदेश से तो आए नहीं हैं, वे तो यही के रहने वाले है। गुस्सा करने वाला भाई आपके घर में भी हो सकता हैं और आपके घर में भी हो सकता हैं। क्या आप उठकर उसको गोली मारेंगे ? अगर वह कर रहा हैं तो उसमें उसको गोली मारने की जरूरत हैं, तो जरूर वह करने का कर्तव्य किया जाएगा। मगर सिर्फ उससे काम नहीं होगा, दृष्टिकोण क्या हैं, आप क्या चाहते हैं कि इस मामले को सुधारना है या केवल टीका-टिप्पणी करनी हैं ? यदि आपको टीका-टिप्पणी करनी हैं, तो आप कुछ भी बोलिए। यदि सुधार करना हैं तो सर्वागीण दृष्टिकोण से उसकी ओर देखिए। यदि आप उसकी ओर holistic दृष्टिकोण से देखेंगे तो वह हो सकेगा अन्यथा नहीं हो सकेगा। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि मैडम, आपने बहुत अच्छा प्रश्न उठाया हैं, मगर जरूरत हुई और किसी वक्त और मौका मिला तो इसके ऊपर भी हम चर्चा करेंगे। मगर संक्षेप में, मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि हमारा और उनका जो फर्क हैं, वह यह हैं कि हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और वे लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते। हम rule of law में विश्वास करते हैं, वे बंदूक में विश्वास करते हैं। हम काम करके, सबको साथ लेकर, आगे बढ़ने में विश्वास करते हैं, वे कहते हैं कि हमारे खिलाफ जाता हैं, उसको हम खत्म करके, सबको साथ लेकर, आगे बढ़ने में विश्वास करते हैं, वे कहते हैं कि हमारे खिलाफ जाता हैं, उसको हम खत्म करके आगे बढ़ते हैं। यह हमारा और उनका फर्क हैं और ऐसा हमको मान्य नहीं हैं और आपको भी मान्य नहीं हैं। इस सदन को मान्य नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... यही मैं बताना चाहता हूं। आपने पूछा, तो मैं उसका जवाब दे रहा था। ...(**व्यवधान**)...

श्री एस. एस. अहलुवालिया (**झारखंड**) **:** वहां माओवादी नहीं हैं। आप आह्वान कर रहे हैं कि वहां पर माओवादी है, ...(**व्यवधान**)... एस्टेब्लिश कर रहा हैं। ...(**व्यवधान**)... यहां सदन में सबने कहा था कि माओवादी नहीं हैं और आप कह रहे हैं कि माओवादी हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभपति : अहलुवालिया जी, आप बाद में ...(**व्यवधान**)...

Let the hon. Minister complete his reply, then you may seek clarifications. Right now, you are not even allowing the hon. Minister

to proceed ...*(Interruptions)...* अहलुवालिया जी, अहलुवालिया जी ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं बिल्कुल नहीं होगा । ...(**व्यवधान**)... ऐसे नहीं होगा । There should be order in the House ..(Interruptions)... आप बैठिए । ...(**व्यवधान**)... पाणि जी, आप बैठिए । ...(**व्यवधान**)... We have not completed and you go on ...(Interruptions)...

SHRI DINESH TRIVEDI: He is misleading the House ...*(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, Mr. Trivedi. It will not be recorded ...*(Interruptions)...* Please, let the hon. Minister complete. Then, if you want ...*(Interruptions)...* ऐसे न तो कुछ जवाब मिलेगा और न ही आप कुछ कह सकेगे । ...(**व्यवधान**)...

SHRI S.S. AHLUWALIA:*

SHRI DINESH TRIVEDI:*

श्री उपसभापति : यह सही नहीं हैं । ...(**व्यवधान**)... This is not correct ...*(Interruptions)...*

श्री यशवंत सिन्हा : वहां माओवादी हैं या नहीं हैं ...(**व्यवधान**)... मैं बता रहा हूं आपको ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मैं आपको बोल नहीं सकता हूं ...(**व्यवधान**)... Let him conclude. ...*(Interruptions)...*

श्री रुद्रनारायण पाणि (उड़ीसा) : उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : पाणि जी, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...Let him conclude. ...*(Interruptions)...* Let him conclude. Then you can ask...*(Interruptions)...*

प्रो. राम देव भंडारी : मंत्री जी के भाषण में जो सच्चाई हैं, वे नहीं समझते हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री एस. एस. अहलुवालिया : उनका रिप्रेजेन्टेटिव, ज्वाइंट डायरेक्टर, गवर्नर को रिपोर्ट करता हैं ...(**व्यवधान**)... चीफ मिनिस्टर को करता हैं ...(**व्यवधान**)... होम मिनिस्टर को करता हैं ...(**व्यवधान**)... वह कैसे करता हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप जो कहना चाहते हैं ...(**व्यवधान**)... यह मिनिस्टर का चांस है कि जो करना हैं, वे कहेंगे ...(**व्यवधान**)... आप जैसा कहेंगे, वैसा कोई नहीं कहेगा ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... Please sit down. ...*(Interruptions)...* Let the hon. Minister conclude. ...*(Interruptions)...* Nothing will go on record. ...*(Interruptions)...* Nothing will go on record. ...*(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA:*

SHRI DINESH TRIVEDI:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Minister has not concluded his reply. Once he concludes, then, if you want, you can seek clarification. ...*(Interruptions)...* Please let him conclude. ...*(Interruptions)...* बीच-बीच में आप बोलते रहेंगे तो क्या मालूम पड़ेगा ...(**व्यवधान**)... ठीक हैं ...(**व्यवधान**)... आपने मुझसे रिक्वेस्ट की हैं ...(**व्यवधान**)... क्या फायदा ...(**व्यवधान**)... आपने मुझसे रिक्वेस्ट की हैं कि मैं कुछ पूछना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... आप उससे पहले बीच में बोल रहे हैं ...(**व्यवधान**)... आपने मुझसे रिक्वेस्ट की है ...(**व्यवधान**)... आप कैसे जानेंगे ...(**व्यवधान**)... वे जवाब नहीं देंगे ...(**व्यवधान**)...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: Sir, the last point that I want to make is the point relating to Articles 355 and 356.1 am very happy that the responsible Members did not make any suggestions relating to Articles 356 and 355, but they were hinting at them.

---

* Not recorded.

श्री यशवंत सिन्हा : सुषमा जी ने सवाल उठाया था ...(**व्यवधान**)... क्या वे इररिस्पोंसिबल हैं ...(**व्यवधान**)...(Interruptions)... is she irresponsible ? ...(Interruptions)... ये क्या कह रहे हैं

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I do not hold you as irresponsible, but your colleague *...(Interruptions)...* The point that I was making was that there were not many Members who suggested that the Government of India should use Article 356 against that Government *...(Interruptions)...* I am saying there were not many Members who made that kind of suggestion and there were; some who were indirectly suggesting that that should be done. But you shall have to bear in mind that if you are asking this thing to be done against one State, you won't be allowed to say that this thing should not be done against another State. *...(Interruptions)...*Again, we will ask you a question *...(Interruptions)...*

DR. FAROOQ ABDULLAH (Jammu and Kashmir): Article 356 should be removed from the Constitution of India. We actually want Article 356 to be removed from the Constitution of India because you tried to dismiss Governments. We do not agree with you. It has happened in the past. West Bengal has faced it in the past. I hope, Sir, you will never use this article ever in the history of India in future. *...(Interruptions)...*

SHRI DINESH TRIVEDI: But you swear by the Constitution that you are duty-bound to use it. *...(Interruptions)...*

DR. FAROOQ ABDULLAH: No, you should never use it. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : आर्टिकल 356 से अलग बात कीजिए ...(**व्यवधान**)...

